**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

दिनांकः 07.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में विभिन्न परियोजनाओं का किया औचक निरीक्षण–अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा –राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट के लिए काउंसलिंग की तारीख़ें अभी नहीं हुई तय ।
- ओडिशा के पुरी में आज से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन –प्रदेश में भी कई स्थानों पर रथ यात्रा के कार्यक्रम।

- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश–कोटा के ईटावा में भारी बारिश के कारण पार्वती नदी उफान पर।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर की ट्रेफिक व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं का धरातल पर जायजा लेने के लिए राजधानी में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओ के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यात्रियों के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था, बैठने के लिए छायादार स्थान, सफाई सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि अगले महीने से बसों का संचालन शुरू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारियों को मानसून में भारी बारिश से होने वाली समस्याओं से बचाव के लिए माकूल व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। श्री शर्मा ने जयपुर मेट्रो फेज 1–डी के तहत मानसरोवर से अजमेर रोड चौराहा तक मेट्रो विस्तार के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सांगानेर में खुली जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने 300 बेड वाले अस्पताल बनाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को एक सप्ताह में भूमि आवंटन की कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आरयूएचएस का दौरा कर अधिकारियों को चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

00000

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चीनी, नमक और वसा संबंधी जानकारी साफ शब्दो में अंकित करने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय प्राधिकरण की 44वीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व चंद्र ने की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पोषक तत्वों की सही जानकारी देना है ताकि वे अपने स्वास्थ्य के हित में निर्णय ले सकें। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अधिसूचना के मसौदे को सार्वजनिक किया जाएगा ताकि उस पर सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हो सकें।

00000

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट के लिए काउंसलिंग की तारीख़ें अभी तय नहीं हुई हैं। चिकित्सा परामर्श समिति परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और सीट मैट्रिक्स को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इन तारीख़ों की घोषणा वेबसाइट पर करती है। स्नातक सीट मैट्रिक्स इस महीने के तीसरे सप्ताह तक और स्नातकोत्तर सीट मैट्रिक्स अगस्त के बीच में तय होने की संभावना है। इसके बाद काउंसलिंग की तारीख़ तय की जाएगी।

0000

लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी सांसद ओम बिरला आज कोटा के अनंतपुरा में लव कुश वाटिका में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर देशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। आयोजन के दौरान अनेक संगठन संस्थाएं और विद्यार्थी भी पौध रोपण करेंगे। गौरतलब है कि कल सांसद श्री बिरला का कोटा पंहुचने पर भव्य स्वागत हुआ।

000

अजमेर में आयोजित हो रहे सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ के अंतिम दिन आज साइकिल रैली निकालकर जिला प्रशासन ने "वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश" दिया। सुबह 6 बजे आनासागर चौपाटी से पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने साइकिल रैली को रवाना किया। श्री बिश्नोई ने भी शहरवासियों के साथ साइकलिंग कर "वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया।

------

0000

देश के आंकाक्षी जिलों और आशन्वित ब्लॉकों में चलाये जा रहे सम्पूर्णता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जैसलमेर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र पालीवाल ने फतेहगढ़ ब्लाक के लिए बैठक की। उन्होंने सभी विभागीय कार्मिको को अभियान के तहत सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग, गर्भवती महिलाओं का 12 सप्ताह तक शत प्रतिशत पंजीकरण, पूर्ण टीकाकरण, एनसीडी कार्यक्रम संबंधी गतिविधियां आयोजित करेगा।

00000

ओडिशा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान सुदर्शन की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा आज धर्मनगरी पुरी में आयोजित की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी इस वार्षिक उत्सव में भाग लेंगी। इस यात्रा में भाग लेने के लिए दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते है। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर आज जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन हो रहा है। कोटपुतली बहरोड़ जिले में भगवान को नगर परिक्रमा कराई जायेगी। भगवान जगन्नाथ के अभिषेक के बाद रथ यात्रा के प्रमुख मार्गो से नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचने पर महा आरती और प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। पाली में भी जगन्नाथ मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया है। शाम को विशेष आरती और श्रृंगार के बाद रथ यात्रा निकाली जाएगी। इधर भरतपुर में आज ठाकुरजी शहर के भ्रमण पर निकलेंगे। किला स्थित बिहारी जी मंदिर से फूलों से सुसज्जित रथ पर सवार होकर ठाकुर जी की बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाली जायेगी। भक्तों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जाएगा और रास्ते मे कई स्थानों पर श्रद्धालु ठाकुजी की आरती उतारेंगे। शाम को ठाकुजी बिहारी जी मंदिर पहुचेंगे जहां महाआरती और फूल बंगला झांकी का आयोजन होगा।

00000

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा तेज़ वर्षा के अलर्ट के कारण आज स्थगित रहेगी। गढवाल के संभागीय आयुक्त विनय शंकर पांडे ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उन्होंने बरसात और भूस्खलन के कारण यात्रियों से ऋषिकेश से आगे यात्रा न करने और मौसम साफ होने पर ही आगे बढने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के सभी जिलों में आज और कल मूसलाधार वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

0000

प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। उधर टोंक और करौली में बने अतिवृष्टि के हालात में सुधार देखने को मिला है। हालांकि प्रशासन बचाव राहत कार्यो में जुटा रहा। कल पिलानी, चूरू, श्रीगंगानगर, धोलपुर, सिरोही, करौली और माउंट आबू में बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार रात से शनिवार तक बीसलपुर बांध में 6 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। बीसलपुर बांध का जलस्तर 310 दशमलव 15 आरएएल मीटर दर्ज किया गया। श्री गंगानगर में कल दिन में हल्की बूंदाबांदी के बाद देर रात तेज बरसात हुई। इसके बाद रुक–रुक कर बरसात का दौर चलता रहा इससे निचले इलाकों में पानी भर गया। पाली जिले के बाली के बमणिया गांव में तेज हवा और बारिश के कारण एक जगह टेंट पंडाल गिर गया। हालांकि जनहानि की सूचना नहीं है। करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में देर रात हुई जोरदार बारिश के चलते नदी नालों में पानी की आवक हो रही है। हनुमानगढ़ में रात को झमाझम बारिश हुई । बीकानेर में भी अच्छी बारिश हुई। उधर कोटा जिले के इटावा में भारी बारिश के कारण पार्वती नदी उफान पर आ गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके चलते कोटा–श्योपुर राजमार्ग अवरूद्ध हो गया है।

------

**00000**